## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 06.11.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना कोतवाली नगर की मिशन शक्ति व यातायात की संयुक्त टीम द्वारा जनपद में किया गया जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन । यातायात सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत यातायात नियमों, मिशन शक्ति व साइबर अपराधों आदि के बारे में किया गया जागरुक ।**

**विवरण**- मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम आज दिनांक 06.11.2025 को थाना कोतवाली नगर की मिशन शक्ति व यातायात की संयुक्त टीम द्वारा डी0ए0वी0 कॉलेज व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर उपस्थित छात्रों व शिक्षकों को मिशन शक्ति, यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । जिसमें बताया गया कि शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं, कार्यक्रमों, कानूनों, साइबर अपराधों सहित विभिन्न सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई । बालिकाओं/महिलाओं को मुख्यमंत्री हेल्पालाइन-1076, वीमेन हेल्पलाइन-1090, चाइल्ड केयर हेल्पलाइन, आपाताकालीन पुलिस सेवा- डायल यूपी 112 जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के बारे में जानकारी देकर शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई  साथ ही यातायात नियमों का पालन न केवल कानूनी दायित्व है, बल्कि यह जीवन सुरक्षा से जुड़ा एक सामाजिक उत्तरदायित्व भी है । वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का न करने तथा नशे की हालत में ड्राइविंग न करने, सड़क पर निर्धारित स्पीड का पालन करने, वाहन के वैध और आवश्यक दस्तावेज साथ रखने, सावधानीपूर्वक ओवर टेक करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रुप से करने तथा इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों, दो पहिया वाहन चलाते समय दो से अधिक लोगो बैठने/बैठाने, गलत दिशा में वाहन चलाने के खतरों आदि के बारे में जानकारी दी गई । साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करते हुए वर्तमान में आधुनिक तरीकों से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । जिसमें- केवाईसी अपडेट के नाम पर फर्जी कॉल्स या लिंक भेजकर उपयोगकर्ताओं से उनके निजी और बैंकिंग डिटेल्स मांगना । ओटीपी फ्रॉड जिसमें कॉल या मैसेज के ज़रिए उपयोगकर्ताओं से ओटीपी लेकर उनके बैंक खातों से पैसे ट्रांसफर करना । यूपीआई स्कैम (UPI Scam), सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी कॉल्स, आदि प्रकार के साइबर अपराधों के बारें में जानकारी देकर जागरूक किया गया साथ ही साइबर अपराध/ठगी का शिकार होने पर तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन, साइबर क्राइम पोर्टल (www.cybercrime.gov.in) या साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल कर तुरंत शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई ।